# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं0-1 व 2, निकट महिला आई0टी0आई0 कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001
E-mail :- ce_kk_upjn.ra1@yahoo.com


डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 1585 / M-20 / 98 दिनांक 24/7/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

**विषय :– ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 23.07.2026 के पेपर में प्रकाशित "बारिश से सड़क किनारे खुले, राहगीरों को दुर्घटना का खतरा" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 23.07.2026 के पेपर में प्रकाशित "बारिश से सड़क किनारे खुले, राहगीरों को दुर्घटना का खतरा" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें बारिश के कारण फिर से धंस गई हैं। पहले भरे गए गड्ढे अब सड़क किनारे कई स्थानों पर दोबारा उभर आए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस स्थिति से अवगत करा दिया गया है। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित यह समाचार कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, तथ्यात्मक रूप से गलत एवं भ्रामक है। स्पष्ट किया जाता है कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन द्वारा कोई कार्य नही कराया जा रहा है एवं उक्त नगर पंचायत में कार्य सम्बन्धित उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), रायबरेली द्वारा कराए जा रहे है।<br>अतः प्रकाशित समाचार का खंडन किया जाता है। |

**संलग्नक–पेपर कटिंग**

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेशित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

# रायबरेली के परशदेपुर में जल जीवन मिशन के गड्ढे:**बारिश से सड़क किनारे खुले, राहगीरों को दुर्घटना का खतरा**

रिंकू मिश्रा| परसदेपुर (सलोन), रायबरेली1 दिन पहले



परशदेपुर में जल जीवन मिशन के गड्ढे।

रायबरेली के नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें बारिश के कारण फिर से धंस गई हैं।

पहले भरे गए गड्ढे अब सड़क किनारे कई स्थानों पर दोबारा उभर आए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस स्थिति से अवगत करा दिया गया है।

कौशल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन गड्ढों की मरम्मत कराकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाएगा, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग**

स्थानीय ग्रामीणों, जिनमें विंदेश्वरी, मुरली, विजय, मनोहर और जोशी शामिल हैं, ने अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण सड़क किनारे बने गड्ढे लगातार बड़े होते जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इनकी मरम्मत नहीं कराई गई, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर गड्ढों को भरवाने और सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है।